UTTARANCHAL MEDICAL COLLEGE
OF AYURVEDA AND RESEARCH

MINISTRY OF AYUSH

ncism

Approved by Ministry of Ayush, Govt. of India, NCISM, New Delhi & Affiliated to Uttarakhand Ayurved University (UK)

**Date: 11.07.2026**



झाझरा में आयोजित निश्शुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों की जांच करते उत्तरांचल मेडिकल कालेज आफ आयुर्वेद एंड रिसर्च, प्रेमनगर के डाक्टर ● आयोजक

# स्वास्थ्य शिविर में 120 लोगों को मिला उपचार और दवाएं

जागरण संवाददाता, देहरादून : उत्तरांचल मेडिकल कालेज आफ आयुर्वेद एंड रिसर्च प्रेमनगर की ओर से झाझरा में आयोजित निश्शुल्क चिकित्सा शिविर में 120 लोगों ने परामर्श और उपचार का लाभ उठाया।

समय पर रोगों की पहचान, स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के लाभों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से उत्तरांचल हास्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर के सहयोग से यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की विभिन्न सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। साथ ही उपचार संबंधी सुझाव और दवा उपलब्ध कराई गई। विशेषज्ञों ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ ही दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच कराने को कहा। इस मौके पर उत्तरांचल मेडिकल कालेज आफ आयुर्वेद एंड रिसर्च के निदेशक डा. अमित भट्ट, प्राचार्य डा. विभूति चंद्राकर, चिकित्सा अधीक्षक डा. ज्योति एम गनेर, उप चिकित्सा अधीक्षक डा. सतविंदर कौर, डा. रुपाली, डा. छवि, डा. ज्योति नेगी, डा. कोमल, डा. शिवानी, डा. अक्षत आदि मौजूद रहे।

# 120 से अधिक मरीजों का नि:शुल्क इलाज

**देहरादून।** उत्तरांचल मेडिकल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद एंड रिसर्च की ओर से झाझरा में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उत्तरांचल हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर के सहयोग से आयोजित शिविर में 120 से अधिक मरीजों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श और उपचार का लाभ उठाया। शिविर में डॉ. ज्योति एम गनेर, डॉ. सतविंदर कौर, डॉ. रुपाली, डॉ. छवि, डॉ. ज्योति नेगी, डॉ. कोमल, डॉ. शिवानी और डॉ. अक्षत ने मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां दीं। इस दौरान माधव, प्रियांश, अमित, दिनेश आदि मौजूद रहे। मा.सि.रि.

Under the aegis of Sushila Devi Centre for Professional Studies and Research
Arcadia Grant, PO- Chandanwari, Premnagar - Dehradun - 248007 (UK)
Ph. No.: 0135-2770300 | Mob.: 7617774518 | Mail ID: uumedical@uumail.in | Website: www.umcar.in | Toll Free: 1800 891 4232